# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय

उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ग्वालियर रोड झॉसी (उ0प्र0)।

Email Add.- eecdupjnjhansi@gmail.com Mob. No. 9473942725

पत्रांक 2100 / समाचार - पत्र /65 दिनांक- 07-8-.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :- हिन्दुस्तान ई-समाचार पत्र में दिनांक 06.08.2026 को प्रकाशित शीर्षक "विधानसभा में गूंजा जल जीवन मिशन की मंद रफ्तार का मुद्दा" की अनुपालन आख्या प्रेषित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 06.08.2026 को हिन्दुस्तान ई-समाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक "विधानसभा में गूंजा जल जीवन मिशन की मंद रफ्तार का मुद्दा" में मा0 गरौठा विधायक श्री जवाहर लाल राजपूत द्वारा, जनपद-झॉसी के बामौर, गुरसरांय एवं मोंठ ब्लौक में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन क्रमशः बरथरी-टेहरका एवं इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना की धीमी प्रगति के कारण ग्रामीणों को वर्तमान तक शुद्ध पेयजल न मिल पाने के सम्बन्ध में असंतोष व्यक्त किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कार्यदायी फर्म मैसर्स बी0जी0सी0सी0 द्वारा योजनाओं के कार्यो को पूर्ण कराने हेतु श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुये इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना के समस्त कार्य माह सितम्बर-2026, टेहरका ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो को माह अक्टूबर-2026 तथा बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो को माह नवम्बर-2026 तक पूर्ण कराने की कार्य योजना तैयार कर उपलब्ध करायी गई है। वर्तमान में उक्त 03 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं की स्थिति निम्नानुसार है :-

| क्र सं. | योजना का नाम | योजना में सम्मिलित कुल ग्रामों की संख्या | दि. 31.07.2026 की स्थिति | | प्रगति | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कमीशन्ड ग्रामों की संख्या | नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ किये गये ग्रामों की संख्या | अवशेष कमीशन्ड ग्रामों की संख्या | अवशेष नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने वाले ग्रामों की संख्या |
| 1 | इमलौटा ग्रा.स.पे.यो. | 87 | 87 | 76 | 0 | 11 |
| 2 | टेहरका ग्रा.स.पे.यो. | 93 | 88 | 76 | 5 | 17 |
| 3 | बरथरी ग्रा.स.पे.यो. | 106 | 93 | 67 | 13 | 39 |
| | कुल | 286 | 268 | 219 | 18 | 67 |

अतः आख्या अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

भवदीय

(मुकेश कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

संख्या एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झॉसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झॉसी।
3. जिलाधिकारी महोदय, झॉसी को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
4. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग झॉसी।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता

1084 New Latter Current-25 Dheerendra

Scanned with OKEN Scanner